हिन्दुस्तान

ब्रांडेड कंपनी की नकली सीमेंट बरामद

हिन्दुस्तान टीम,चंदौलीPublished By: Newswrap
Wed, 21 Jul 2021 03:30 AM

धानापुर। हिन्दुस्तान संवाद

स्थानीय कस्बे में मंगलवार को ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली सीमेंट लदी पिकअप पकड़ी गई। अल्ट्राटेक कंपनी के सीनियर मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने चालक सहित सीमेंट बेचने वाले दुकानदार के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर किया है। वहीं चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सीमेंट लदी पिकअप को सीज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

आरोप है कि पिछले कुछ महीनों से धानापुर बाजार व ग्रामीण इलाके में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकानों पर कई नामचीन कंपनियों के नाम पर नकली सीमेंट की धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। इसकी शिकायत मिलने पर मंगलवार को अल्ट्राटेक सीमेंट कम्पनी के सीनियर मैनेजर भूदेव शर्मा (गाजियाबाद) अपने सहयोगी कमल सिंह (हरियाणा) के साथ धानापुर बाजार में आए। इसी बीच थाना चौराहा के समीप एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान के सामने अल्ट्राटेक सीमेंट लदी पिकअप दिखाई दी। नजदीक जाकर देखा, तो उसपर लदी अल्ट्राटेक सीमेंट की बोरियां नकली थीं। मिर्जापुर जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र के गोरखपुर माफी गांव निवासी चालक राजकुमार यादव कोई वैध बिल नहीं दिखा सका। पीडीडीयू नगर कोतवाली क्षेत्र के दुलहीपुर कस्बा के फिरोज की एजेंसी से सीमेंट लेकर आने की बात कबूल की। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि कम्पनी के अधिकारियों की तहरीर पर पिकअप चालक राजकुमार यादव और दुकानदार फिरोज के विरुद्ध धारा 420 तथा कापी राइट अधिनियम (संशोधित) 1957 की धारा 63 एवं 65 के तहत नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पिकअप चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/chandauli/story-branded-company-39-s-fake-cement-recovered-4242786.html